

नवभारत 10
सतना, गुरुवार, 04 दिसंबर, 2025

# सरकार और प्रशासनिक तंत्र पर कांग्रेस ने कसा तंज

## मामला सांसद पुत्र की जनसुनवाई में जाने को लेकर कांग्रेस कमेटी सीधी जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह ने किया तीखा कटाक्ष

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 दिसम्बर। सांसद पुत्र के जनसुनवाई में जाने को लेकर कांग्रेस ने सरकार और प्रशासनिक तंत्र पर तंज कसा है। मामले को लेकर कांग्रेस कमेटी सीधी जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह ने तीखा कटाक्ष किया है।**

कांग्रेस ने अपने कटाक्ष में कहा है कि सांसद पुत्र डॉ.अनूप मिश्रा अपनी एआरटी एवं सेरोगेसी क्लीनिक के पंजीयन के लिये वर्ष 2022 में आवेदन किया था और साथ दो लाख की फीस भी जमा किया था। पंजीयन आवेदन के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किये गये थे। विभागीय निरीक्षण भी हो चुका था फिर भी आज 3 साल बीत जाने के बाद भी पंजीयन प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया। ऐसे में स्पष्ट है कि जब सांसद पुत्र स्वयं कार्य के लिये कलेक्टर की जनसुनवाई में जा रहे हैं तो आम जनता की सुनवाई कैसे होगी।



### राजनैतिक गलियारों में बना चर्चा का विषय

सांसद डॉ.राजेश मिश्रा के पुत्र डॉ.अनूप मिश्रा एवं बहू डॉ.बीना मिश्रा के अपने एआरटी एवं सेरोगेसी क्लीनिक के क्लीनिक के पंजीयन को लेकर वर्ष 2022 से डम्प फाइल के सिलसिले में कलेक्टर की जनसुनवाई में जाने को लेकर राजनैतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं चल रहीं हैं। साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि यदि सांसद पुत्र एवं बहू को पंजीयन के संबंध में सभी पूर्ण करने के बाद भी काम न होने को लेकर भटकाव बना हुआ है तो आम लोगों का क्या होगा?

### अपनी ही सरकार में न्याय पाने भटक रहे सांसद पुत्र : ज्ञान



जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने भाजपा सरकार और प्रशासनिक तंत्र पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि जब अपनी ही सरकार में भाजपा सांसद के पुत्र को न्याय के लिए दफ्तर-दफ्तर भटकना पड़े, तो आम जनता का क्या हाल होता होगा, यह समझना मुश्किल नहीं है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया व समाचार माध्यमों से यह बात सामने आई कि सीधी के भाजपा सांसद डॉ.राजेश मिश्रा के पुत्र डॉ.अनूप मिश्रा और बहू डॉ.बीना मिश्रा अपने काम के लिए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर चेम्बर के बाहर जनसुनवाई हेतु बैठ गए। दोनों ने स्पष्ट कहा कि जब तक हमारा काम नहीं होगा, हम यहीं बैठे रहेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा कि जानकारी के अनुसार सांसद पुत्र दम्पति कलेक्टर चेम्बर के बाहर वेटिंग हॉल में बनी सीमेंट की कुर्सियों पर बैठकर इंतजार करते रहे, जबकि कलेक्टर उस समय कार्यालय में मौजूद नहीं थे। श्री सिंह ने कहा कि सांसद पुत्र डॉ.अनूप मिश्रा सोशल मीडिया में कहते नजर आ रहे हैं कि कि एआरटी एवं सेरोगेसी क्लीनिक के लिए 2022 में आवेदन कर दिया गया था और 2 लाख रुपये की फीस जमा कर दी गई थी, सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर दिए गए थे विभागीय निरीक्षण भी हो चुका है फिर भी आज तीन साल बीत जाने पर भी अब तक पंजीयन प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया। जबकि उसी समय रीवा में किए आवेदन का निराकरण हो गया। पहले स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रक्रिया लटकाई गई और अब जिला प्रशासन की ओर से टालमटोल की जा रही है। इसी विवशता में वे जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर से मिलने पहुंचे और अर्जी देकर काम कराने की गुहार लगाने का निर्णय लिया। ज्ञान सिंह ने कहा जब भाजपा के सांसद का पुत्र स्वयं कलेक्टर कार्यालय के चक्कर काट रहा है और उसका काम नहीं हो रहा, तो स्पष्ट है कि भाजपा सरकार में नौकरशाही पूरी तरह निकम्मी व भ्रष्ट हो चुकी है। ऐसे में आम जनता की सुनवाई होना तो लगभग असंभव है। उन्होंने आगे कहा कि यह घटना भाजपा शासन की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा करती है। जब सत्ता पक्ष के प्रतिनिधियों के परिवारजन तक न्याय के लिए भटक रहे हों तो आम नागरिकों की स्थिति का अनुमान स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि यह पूरा प्रकरण भाजपा राज की अव्यवस्था, अराजकता और निष्क्रिय नौकरशाही का ज्वलंत उदाहरण है।

# प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने जिले में बनेंगे 13 बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 दिसम्बर। जिले में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत जिले में 13 बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर स्थापित किए जाएंगे।**

उपसंचालक सह परियोजना संचालक आत्मा ने जानकारी दी कि इन सेंटरों के संचालन के लिए गैर-सरकारी संगठन, किसान उत्पादक संगठन, पंजीकृत गौशालाएं तथा अन्य पंजीकृत संस्थाओं से 15 दिसम्बर तक प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर की स्थापना के लिए 1 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, जिसे दो किस्तों में 50-50 हजार रुपये जारी किया जाएगा। यह सहायता सेंटरों को प्रारंभिक संरचना एवं उत्पादन सामग्री तैयार करने में सहायक होगी। ये सेंटर प्राकृतिक खेती में उपयोग की जाने वाली आवश्यक सामग्रियों का उत्पादन करेंगे, जिनमें पौधों से तैयार बायो-मास, गौमूत्र, गोबर आधारित जैविक घोल एवं अन्य जैविक इनपुट शामिल हैं। जिन किसानों के पास ये सामग्री स्वयं तैयार करने की सुविधा उपलब्ध नहीं है, वे इन सेंटरों से उचित मूल्य पर जैविक आदान प्राप्त कर सकेंगे। इससे न केवल प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे और सेंटर एक स्वतंत्र उद्यम के रूप में विकसित हो सकेंगे। इच्छुक संस्थाएँ अपने संबंधित विकासखण्ड के तकनीकी प्रबंधक अथवा वरिष्ठ कृषि विकासखण्ड अधिकारी से संपर्क कर विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रारूप प्राप्त कर सकती हैं। संस्था को अपना प्रस्ताव 15 दिसम्बर तक प्रस्तुत करना होगा।

# जिला चिकित्सालय में 13 मरीजों का नि :शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 दिसम्बर। जिला चिकित्सालय सीधी में सोमवार को मोतियाबिंद के कुल 20 मरीज भर्ती किए गए थे। इनमें से 13 मरीजों का मंगलवार को निशुल्क ऑपरेशन किया गया तथा लैंस प्रत्यारोपित किए गए।**



यह सभी ऑपरेशन नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.लक्ष्मण पटेल एवं उनकी टीम द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किए गए। मंगलवार को ऑपरेशन कराए गए मरीजों को अस्पताल प्रबंधन द्वारा नि:शुल्क दवाइयां एवं चश्मे भी प्रदान किए गए। वहीं बीपी एवं शुगर असंतुलित होने के कारण 7 मरीजों का ऑपरेशन नहीं हो सका। इन मरीजों का स्वास्थ्य नियंत्रण में आने पर गुरुवार को नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। अस्पताल प्रशासन ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि जो भी मोतियाबिंद से परेशान हैं, वे सोमवार एवं बुधवार को जिला चिकित्सालय सीधी में भर्ती होकर नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन का लाभ उठाएं।

# सीधी की बेटी एकता सिंह को राज्य महिला आयोग का सदस्य बनाए जाने पर किया गया स्वागत

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 दिसम्बर। जिले के डैनिहा निवासी कन्हैया सिंह चौहान की सुपुत्री एकता सिंह को राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश मे सदस्य बनाए जाने पर रायल राजपूत एवं श्री करणी सेना द्वारा उनका सीधी में भव्य स्वागत किया गया।**



इस दौरान एकता सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है। इस दौरान संगठनों के अलावा समाज से जुड़े एवं हर लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की बधाई दिए हैं। वह दूसरी बार राज्य महिला आयोग की सदस्य बनी हैं।

एकता सिंह को राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश का सदस्य बनाए जाने पर राजपूत संगठन ने कन्हैया टेंट हाउस में बधाई देकर उनका स्वागत किया गया।

इस दौरान विक्रम सिंह प्रदेश संगठन मंत्री रायल राजपूत, सुभाष सिंह डॉक्टर, प्रदीप सिंह लाला डेम्हा, अनुराग सिंह संचालक फिटनेश क्लब, निखिल सिंह, सोनू सिंह, मोनू सिंह, लहरी गुप्ता, महेश गुप्ता, शिवम गुप्ता मधुरी, राकेश विश्वकर्मा, अजीत सिंह, ओमकार सिंह, राजेन्द्र सिंह, लाला दीक्षित, संदीप उपाध्याय, एड.अशोक कोरी, विकास सिंह, रवि सिंह सहित कई लोगों ने बधाई दिए हैं।

### करणी सेना ने दी बधाई

एकता सिंह को राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश मे सदस्य बनाए जाने पर श्री राजपूत करणी सेना द्वारा भी बधाई दी गई है जिसमें कार्यालय में उनका स्वागत कर शुभकामना दी गई। इस दौरान हरपाल सिंह प्रदेश महासचिव, अनिल सिंह संभागीय उपाध्यक्ष, रोहन सिंह चौहान संभाग महासचिव, नरेन्द्र सिंह जिला अध्यक्ष, विमल सिंह जिला कार्यकारी अध्यक्ष, राजीव सिंह परिहार जिला कोषाध्यक्ष, राकेश सिंह जिला सदस्यता प्रभारी, नीरज सिंह सचिव व्यापारी प्रकोष्ठ सीधी, राजेन्द्र सिंह डॉक्टर कुचवाही मंडल अध्यक्ष, प्रकाश सिंह उपाध्यक्ष चुरहट मंडल, सतेन्द्र सिंह विधि सलाहकार, अंबिकेश सिंह विधि प्रकोष्ठ, सज्जन सिंह परिहार जिला प्रभारी, सिद्धार्थ सिंह आईटी सेल प्रभारी, जयराम सिंह चौहान पटपरा मंडल सचिव सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

# जिला अधिवक्ता संघ ने किया विश्वविद्यालय मांग का समर्थन

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 दिसम्बर। सीधी जिले में छात्र-छात्राओं के द्वारा विश्वविद्यालय का मांग पिछले 5-6 वर्षों से लगातार चली आ रही है। छात्र-छात्राओं की इस मांग का जिला अधिवक्ता संघ सीधी ने पूर्ण रूप से समर्थन किया है।**



अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एड.बृजेन्द्र सिंह ने कहा कि अधिवक्ता संघ विश्वविद्यालय का पूर्ण समर्थन करता है ताकि जिले में उच्च शिक्षा का स्तर अच्छा हो, विधि सहित सभी प्रकार की शिक्षा उपलब्ध हो सके। वहीं छात्र संगठन की सदस्य ज्योति पटेल ने कहा कि यदि जिले में विश्वविद्यालय जल्द स्थापित नहीं होता है तो होगा भारी उग्र आंदोलन। अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष एड.युनूस सिद्दीकी, पूर्व अध्यक्ष एड.चंद्रमोहन गुप्ता, सतीश उरमालिया, जीवेन्द्र द्विवेद, विनोद वर्मा, रणविजय सिंह वर्मा, कामता प्रसाद नामदेव, रोहिणी जायसवाल, राजेन्द्र जायसवाल, रोहिणी पटेल, राघवेंद्र सिंह सहित अन्य अधिवक्ताओं ने बात रखा और समर्थन किया। छात्र संगठन का नेतृत्व कर रहे शोध छात्र इंद्रलाल पटेल ने अधिवक्ता संघ का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। छात्र प्रतिनिधि मंडल अधिवक्ता संघ कार्यालय के पास पहुंचकर समर्थन प्राप्त किया। जिसमें ज्योति पटेल, विनोद सिंह, सूरज सोनी, मनीषा पटेल, इन्द्रलाल, सुमित एवं अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जिला कांग्रेस ने बढ़ौरा, चूल्ही और पुरुषोत्तमगढ़ में ली संगठनात्मक बैठक

नवभारत न्यूज

**सेमरिया 3 दिसम्बर। सीधी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बढ़ौरा, चूल्ही और पुरुषोत्तमगढ़ में आज जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने पहुंचकर संगठनात्मक बैठकें आयोजित कीं। इन बैठकों में क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता सुनिश्चित की।**



बैठक के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद तिवारी, मंडलम अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, प्रदेश कांग्रेस के प्रबुद्धजन प्रकोष्ठ से प्रमोद शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेसजन रामप्रसाद रावत, गुलाब यादव, धर्मेन्द्र कॉल, लाल साकेत, जितेन्द्र विश्वकर्मा, रामजन्म विश्वकर्मा, रहस्य नारायण मिश्रा, बाबूलाल विश्वकर्मा तथा उषा साकेत विशेष रूप से उपस्थित रहे। संगठन सुदृढ़ीकरण, बूथ स्तर की गतिविधियों को सक्रिय बनाने और आगामी कार्यक्रमों को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव लिए गए। जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर संगठन को और मजबूत करने पर जोर दिया तथा जनसमस्याओं के निराकरण के लिए लगातार सक्रिय रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी गांव-गांव में जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्षरत है और हर कार्यकर्ता इसकी रीढ़ है। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने के संकल्प के साथ अपनी भूमिका निभाने का भरोसा जताया।

## एक नजर में

### इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल आज

**सीधी।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन एवं रीवा डिविजनल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान एवं मार्गदर्शन में संचालित इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांचकारी फाइनल मुकाबला आज खेला जाएगा। फाइनल मैच केन्द्रीय विद्यालय और गणेश स्कूल के बीच छत्रसाल स्टेडियम में सुबह 9 बजे से शुरू होगा। जिला क्रिकेट संघ सीधी द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में जिले के उभरते हुए स्कूली खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है और अब खिताबी जंग को लेकर दोनों टीमों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। मैदान और व्यवस्थाओं को फाइनल मैच के अनुरूप पूरी तरह तैयार कर लिया गया है। टूर्नामेंट प्रभारी कौशलेंद्र सिंह ने सभी खेल प्रेमियों, अभिभावकों एवं नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने और कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

### गणित एवं विज्ञान ओलम्पिाड 7 को

**सीधी।** जिला शिक्षा अधिकारी पवन कुमार सिंह के निर्देशानुसार कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों के लिए गणित एवं विज्ञान ओलम्पियाड का आयोजन 7 दिसम्बर 2025 रविवार को किया जा रहा है। यह परीक्षा दो सत्रों में आयोजित होगी-प्रात: 11 बजे से 1 बजे तक विज्ञान विषय की परीक्षा एवं दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक गणित विषय की परीक्षा सम्पन्न होगी। एपीसी रमसा डॉ .सुजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि इस ओलम्पियाड का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक एवं विश्लेषणात्मक क्षमता, समस्या समाधान कौशल तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को चिकित्सा, तकनीकी एवं अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में भविष्य की संभावनाओं के लिए तैयार किया जाएगा। जिन विद्यार्थियों ने पूर्व में पंजीयन कराया है, उनके लिए यह परीक्षा विकासखण्ड स्तरीय स्तर पर जिले के पांच परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में मॉडल स्कूल कुसमी, सांदीपनि विद्यालय मझौली, उत्कृष्ट विद्यालय रामपुर नैकिन, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 सीधी और सांदीपनि विद्यालय सिहावल शामिल हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि पंजीकृत विद्यार्थियों को समय पर सूचना प्रदान कर परीक्षा में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि ओलम्पियाड का सफलतापूर्वक संचालन किया जा सके।

### उर्वरक भंडारण में तेजी, जिले में आपूर्ति सुचारू

**सीधी।** उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास ने जानकारी देते हुए बताया कि धान की कटाई के बाद रबी सीजन की बोवनी जोर-शोर से जारी है। जिले के किसान बड़े पैमाने पर गेंहू, चना, मसूर, सरसों एवं जौ आदि फसलों की बुवाई कर रहे हैं, जिसके चलते उर्वरकों की मांग में वृद्धि हुई है। किसानों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा यूरिया, डीएपी, एनपीके सहित अन्य उर्वरकों का भंडारण लगातार कराया जा रहा है, जिससे किसी भी किसान को उर्वरक उपलब्धता में परेशानी न हो। उप संचालक कृषि ने बताया कि हाल ही में 1500 मीट्रिक टन फास्फेटिक उर्वरक जिले में प्राप्त हुआ है तथा बरिगवां एवं रीवा रैक प्वाइंट से 1000 मीट्रिक टन यूरिया की खेप भी लगातार आ रही है। प्राप्त उर्वरक को निजी विक्रेताओं, सहकारी समितियों एवं मार्कफेड के वितरण केन्द्रों के माध्यम से किसानों तक पहुंचाया जा रहा है। किसान अपनी आवश्यकतानुसार अपने निकटतम केन्द्र से उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि रबी फसलों की बुवाई के दौरान यूरिया एवं फास्फेटिक उर्वरक जैसे एनपीके और एसएसपी का संतुलित उपयोग करें। साथ ही, मृदा में सूक्ष्म पोषक तत्वों की पूर्ति के लिए जिंक सल्फेट का उपयोग करना भी लाभकारी रहेगा, जिससे गेंहू सहित अन्य रबी फसलों के उत्पादन में वृद्धि होगी। उप संचालक कृषि ने जिले के सभी किसानों से अपील की कि वे अपने निकटतम उर्वरक विक्रय केन्द्र से पात्रतानुसार उर्वरक प्राप्त करें।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांग प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 दिसम्बर। विश्व दिव्यांग दिवस पर जिला प्रशासन सीधी द्वारा भव्य और प्रेरणादायी समर्थ प्रदर्शन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।**



कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच उपलब्ध कराना और समाज में समान अवसरों व समावेशन का संदेश देना रहा। आयोजन कलेक्टर स्वरोचित सोमवंशी के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त सीईओ एवं सामाजिक न्याय विभाग के प्रभारी उपसंचालक धनंजय मिश्रा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर 189 दिव्यांग बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेल विधाओं में दौड़, भाला फेंक और गोला फेंक प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए सभी को प्रभावित किया। कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में चित्रकला, रंगोली, गायन और नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज कराते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद सीधी, जिला अस्पताल, मेडिकल बोर्ड और शिक्षा विभाग के अधिकारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। सामाजिक न्याय विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय तथा उत्कृष्ट विद्यालय सीधी के प्रतिनिधियों ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाकर इसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। बच्चों का उत्साहवर्धन डीईओ पवन सिंह, प्राचार्य शंभूनाथ त्रिपाठी और रजनीश श्रीवास्तव के प्रेरक संबोधनों से हुआ।

# महायज्ञ व महापुराण कथा की पूर्णाहुति व भंडारा आज

नवभारत न्यूज

**मझौली 3 दिसम्बर। विगत 26 नवम्बर से मझौली नगर क्षेत्र में चल रहे श्रीशतचंडी महायज्ञ यज्ञ व संगीतमय श्रीमद् देवीभागवत महापुराण कथा का समापन 4 दिसम्बर को पूर्णाहुति, कुमारी पूजन एवं भंडारे के साथ संपन्न होने जा रहा है।**



नगर क्षेत्र मझौली के जगज्जननी भगवती धुमावल माता मंदिर नगर परिषद मझौली वार्ड क्रमांक 15 के परिसर में लोक मंगलकारी श्री शतचण्डी महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् देवीभागवत महापुराण कथा श्री सद्गुरु देव भगवान, स्वामी आनंदनंद जी महाराज एवं आशुतोष जी महाराज के असीम अनुकंपा व त्यागी महाराज के नाम से विख्यात रमेश चतुर्वेदी के सानिध्य में क्षेत्रीय जनों के सहयोग से आनंदनंद जी महाराज की विशेष उपस्थिति में संचालित हो रही है। इस महायज्ञ एवं महापुराण कथा का शुभारंभ 26 नवम्बर बुधवार को प्रायश्चित जल यात्रा, पंचांग पूजन तथा मंडा प्रवेश के साथ किया गया था। 27 नवम्बर गुरुवार को मंडप पूजन देवी पूजनादि, 28 को अग्नि स्थापना, पूजन सप्तशती परायण एवं हवन उपरांत निरंतर 3 दिसम्बर तक विधि विधान के साथ महायज्ञ एवं श्रीमद् देवीभागवत महापुराण कथा संपन्न हुई। जहां देवीभागवत महापुराण कथा का संचार कथा व्यास आचार्य पंडित पुरुषोत्तम शास्त्री जी महाराज के मुखारविंद से सुमधुर ध्वनि संचारित किया गया। इस महायज्ञ व कथा का समापन 4 दिसम्बर गुरुवार को पूर्णाहुति, कुमारी पूजन एवं भंडारे के साथ संपन्न होने जा रहा है। इस अवसर पर आयोजक गणों द्वारा क्षेत्रीय जनों से प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

# गोतरा से दरीमाडोल मार्ग की हालत खस्ता, बरसात के दिनों मे होती है भारी समस्या

## सड़क मार्ग की समस्या से करीब 8 हजार ग्रामीण सालों से हो रहे परेशान

नवभारत न्यूज

**कुसमी 3 दिसम्बर। कुसमी ब्लॉक के गोतरा से दरीमाडोल बाया बजबई के तकरीबन 7 से 8 हजार ग्रामीण जन सालों से सड़क की समस्या से त्रस्त हैं। बरसात के दिनों में तो उक्त मार्ग कीचड़युक्त बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो जाती है।**

उबड़-खाबड़ पहुंच मार्ग से त्रस्त होकर लोग जीवन यापन करने को मजबूर हैं। पक्का मार्ग न होने के कारण ग्रामीणजन गांवो में कैद होकर रह गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बरसों से पक्की सड़क निर्माण की मांग की जा रही है लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर सुनवाई नहीं हुई। गांव तक पहुंचने के लिए उचित सड़क न होने से बीमार पड़ने पर मरीजों को अस्पताल तक ले जाना मुश्किल हो जाता है। कई बार प्रसूता महिलाओं को समय पर इलाज न मिल पाने की नौवत बन जाती है। इसके साथ ही स्कूल-कॉलेज जाने वाले बच्चों को कीचड़ भरे और कठिन रास्तों से गुजरना पड़ता है। बारिश के दिनों में तो हालात और भी खराब हो जाते हैं जिससे शिक्षा पर सीधा असर पड़ रहा है। गोतरा से लेकर दरीमाडोल मार्ग कच्चा होने के साथ-साथ खतरनाक गड्ढेयुक्त भी हैं। जिस पर गर्मी और ठंड के दिनों में भी आवागमन करना खतरनाक रहता है। साईकिल-बाइक से आने-जाने वाले लोग आये दिन गिरते पड़ते देखे जाते हैं। दशकों से यहां के ग्रामीण सोते-जागते पक्की सड़क की आस लगाए बैठे हैं लेकिन उन्हें आज तक पक्की सड़क नसीब नही हो पायी है। जिसके चलते यहां के ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है।



### इनका कहना है



30-40 वर्षो से सड़क की समस्या बनी हुई है नहर के कच्चे रास्ते से निस्तार करना पड़ता है बरसात के दिनों मे निस्तार बंद हो जाता है जिससे गांव मे है कैद हो जाना पड़ता है।

**राजभान सिंह, ग्रामीण बजबई**



गोतरा से दरीमाडोल बाया बजबई नहर के किनारे 1982 से जब से नहर बनी है तब से उसी कच्चे रास्ते मे लोग समस्याओ के बीच निस्तार कर रहें हैं। जबकि उस मार्ग मे गोतरा से बजबई, रक्शाडोल, दरीमाडोल तक हजारों घरो के तकरीबन 7-8 हजार जनसंख्या निवासरत है। खोखरा वाले भी आते-जाते हैं। सबसे ज्यादा समस्या बरसात के दिनों मे होती है, स्कूली वाहन नही जा सकते, जिससे बच्चे स्कूल नही जा पाते। शासन प्रशासन से उक्त मार्ग को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़कर पक्की सड़क बनाये जाने की मांग किये हैं।

**प्रेमलाल जायसवाल, समाजसेवी बजबई**